दिनांक : 17.03.2026 समय : 07.10

मुख्य समाचार :–

- राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने आज उज्जैन में 662 करोड़ के विकास कार्यों सहित 'गीता भवन' निर्माण की आधारशिला रखी।
- प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के लिए आज नई तिथियों की घोषणा की।
- संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज 6 शहरों में 'स्पीडपोस्ट 24' सेवा की शुरुआत की।
- मुख्यमंत्री ने कनाडा में दिवंगत हुए छात्र गुरकीरत सिंह के परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं ।

## भूमिपूजन

राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में 'सिंहस्थ-2028' को ध्यान में रखते हुए आज 662 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली नगर विकास योजनाओं का भूमिपूजन किया गया। साथ ही, 77 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 'गीता भवन' की आधारशिला भी रखी गई, जहाँ ई-लाइब्रेरी और अत्याधुनिक ऑडिटोरियम जैसी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।

इससे पूर्व, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के 30वें दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री ने मेधावी छात्रों को पदक प्रदान किए और विश्वविद्यालय के लिए 51 लाख रुपये की अनुदान राशि सहित शैक्षणिक बस की सौगात दी।

## एचपीवी टीकाकरण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एचपीवी टीकाकरण अभियान में मध्यप्रदेश के देश में नंबर वन रहने पर स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी है।महज 15 दिनों के भीतर प्रदेश की एक लाख से अधिक बेटियों को वैक्सीन लगाकर सुरक्षा कवच प्रदान करने का यह रिकॉर्ड स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, एएनएम और आशा बहनों की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह

प्रदेश सरकार ने गरीब और निराश्रित परिवारों की बेटियों के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना की नई तिथियों की घोषणा कर दी है। वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित कैलेंडर के अनुसार, सामूहिक विवाह कार्यक्रम 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया, 20 नवंबर को देवउठनी ग्यारस और अगले वर्ष 11 फरवरी को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर आयोजित किए जाएंगे।राज्य सरकार ने इस वर्ष 44 हजार जोड़ों के विवाह का लक्ष्य रखा है, जिस पर 242 करोड़ रुपये से अधिक की राशि व्यय की जाएगी। योजना के तहत प्रत्येक कन्या के बैंक खाते में 49 हजार रुपये की सहायता राशि सीधे जमा की जाएगी।

राज्यसभा-ग्रामीण विकास चर्चा

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मनरेगा का नाम बदलकर विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण)-विकसित भारत जी-राम जी करने के फैसले का बचाव किया है। राज्यसभा में आज ग्रामीण विकास मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का जवाब देते हुए श्री चौहान ने कहा कि एन.डी.ए. सरकार ने इस योजना को यू.पी.ए. सरकार की तुलना में कहीं बेहतर ढंग से लागू किया है।

सिंधिया-पोस्ट लॉन्च

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राज्य मंत्री डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी के साथ मिलकर आज नई दिल्ली में इंडिया पोस्ट की गारंटीड नेक्स्ट-डे डिलीवरी सेवाएं, 24 स्पीडपोस्ट, 24 स्पीडपोस्ट पार्सल और 48 स्पीडपोस्ट लॉन्च कीं। उन्होंने बताया कि इन सेवाओं में ओटीपी आधारित सुरक्षित डिलीवरी और एसएमएस अलर्ट के साथ एंड-टू-एंड ट्रैकिंग की सुविधा शामिल होगी।

राष्ट्रपति

नई दिल्ली में अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण – पीएम पोषण योजना के तहत बच्चों को उपलब्ध कराया जाने वाला पौष्टिक भोजन, देश की मानव पूंजी में एक महत्वपूर्ण निवेश है।

राष्ट्रपति मुर्मु ने शिक्षा को मानव जीवन में अवसर सृजित करने का एक महत्वपूर्ण साधन बताया।

## मुख्यमंत्री- श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन प्रवास के दौरान कनाडा में दिवंगत हुए छात्र गुरकीरत सिंह मनोचा के निवास पहुँचकर अपनी शोक संवेदनाएँ व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया और सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।गौरतलब है कि कनाडा के फोर्ट सेंट जॉन में गत दिनों गुरकीरत की दुखद हत्या कर दी गई थी।

## परामर्श बैठक

महिला एवं बाल विकास मंत्री नर्मला भूरिया ने कहा है कि दिव्यांग बच्चों को संस्थाओं के बजाय परिवार का स्नेह दिलाने के लिए समाज में व्यापक संवेदनशीलता और जागरूकता की आवश्यकता है। आज भोपाल के रवीन्द्र भवन में आयोजित क्षेत्रीय परामर्श बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि देश में गोद लिए गए बच्चों में दिव्यांग बच्चों की संख्या मात्र सात प्रतिशत है, जिसे बढ़ाने के लिए प्रभावी प्रचार और 'फोकस्ड एप्रोच' जरूरी है।मंत्री भूरिया ने सुझाव दिया कि सफल दिव्यांग व्यक्तियों को ब्रांड एम्बेसडर बनाकर समाज की सोच बदली जा सकती है। बैठक में मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया

## स्थापना दिवस

गृह मंत्री अमित शाह ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो-एनसीबी के स्थापना दिवस पर कर्मियों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि एनसीबी अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभा रही है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नशामुक्त भारत के सपने को उल्लेखनीय गति से आगे बढ़ा रही है। एनसीबी को देश के युवाओं को नशे से बचाने के लिए समर्पित एक प्रमुख एजेंसी बताते हुए श्री शाह ने कहा कि राष्ट्र उनके समर्पण और देशभक्ति को सलाम करता है।

## अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- **राजगढ़** में दिन के समय शॉर्ट सर्किट से फसलों में आगजनी रोकने के लिए बिजली कंपनी ने कृषि फीडरों की विद्युत आपूर्ति के समय में आंशिक बदलाव किया है, जिसकी समय-सारणी हर मंगलवार को बदली जाएगी।

- **अनूपपुर** जिले में जल स्रोतों के संरक्षण और नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए आगामी 19 मार्च गुड़ी पड़वा से 30 जून तक 'जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जाएगा।
- **रीवा** में 18 और 19 मार्च को प्राकृतिक संसाधन एवं पर्यावरणीय स्थिरता पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित होगी, जिसमें देशभर के विशेषज्ञ जुटेंगे।
- **रायसेन** में जिला स्तरीय कृषक सेमिनार का शुभारंभ हुआ, जिसमें सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने किसानों से उद्यानिकी फसलें अपनाकर आय बढ़ाने का आह्वान किया।
- **जबलपुर** में कृषि स्टार्टअप जागरूकता कार्यक्रम हुआ, जहाँ विद्यार्थियों को एग्री-स्टार्टअप की बारीकियों और मिलने वाले वित्तीय अनुदान की जानकारी दी गई।
- **इंदौर** जिले में 'संकल्प से समाधान अभियान' के तहत अब तक एक लाख 37 हजार से अधिक आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है।
- **मंदसौर** कलेक्टर ने पत्रिका 'दीप दर्पण' का विमोचन किया, जो विद्यार्थियों की रचनात्मकता को मंच प्रदान करेगी।
- **आगर-मालवा** में पीआईबी भोपाल द्वारा आयोजित 'वार्तालाप' कार्यशाला में विधायक मधु गेहलोत ने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।
- **भोपाल और पचमढ़ी** में 17 से 23 मार्च तक अंतरराष्ट्रीय बिम्सटेक युवा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने किया; इसमें 7 देशों के युवा शामिल हो रहे हैं।
- **सीहोर** में कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक हुई, जिसमें वर्ष 2026-27 के लिए अचल संपत्तियों की नई गाइडलाइन दरों के प्रस्तावों पर चर्चा की गई।
- **अशोकनगर** जिला जेल में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया, जहाँ बंदियों से उनके कानूनी अधिकारों और समस्याओं पर संवाद किया।

------------------------------